नव भारत
राष्ट्रनिष्ठा पत्री १९३८ से
होली है

# हमलों से दहला ईरान

इजरायल का ईरान के राष्ट्रपति दफ्तर पर अटैक

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध का चौथा दिन

ईरान में कुल 504 जगहों पर 1,039 हमले

बुशहर प्रांत में 5 ईरानी सैनिकों की मौत

**787** लोगों की मौत 4 दिनों में हो चुकी है ईरान में

**153** शहरों को निशाना बनाया अमेरिका-इजरायल ने

**186** मिसाइल और 812 ड्रोन दागे ईरान ने यूएई पर

**येरूशेलम, तेहरान, 03 मार्च. अमेरिका - इजरायल और ईरान के बीच चौथे दिन युद्ध जारी रहा. ईरान अब मिडिल ईस्ट में रह रहकर उन देशों पर हवाई हमले कर रहा है, जहां-जहां अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं. इस बीच चीन ने ईरान को समर्थन देने का ऐलान किया. जबकि नाटो ने कहा कि वह युद्ध में शामिल नहीं होगा.**

वहीं, इजरायल ने ईरान पर हमले तेज कर दिए हैं. इजरायल ने ईरान के राष्ट्रपति दफ्तर पर फिर एक बार हमला किया है. इजरायली सेना का दावा है कि यह ईरानी शासन का सेंट्रल और अहम हेडक्वार्टर है.

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप ने कहा कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है लेकिन अब बहुत देर को चुकी है. ईरान का डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से तबाह हो चुका है. इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने कहा, सोमवार रात इजराइली एयर फोर्स ने सटीक



इंटेलिजेंस पर कार्रवाई करते हुए, तेहरान के बीच में ईरानी शासन के लीडरशिप कंपाउंड के अंदर की सुविधाओं पर हमला किया और उन्हें खत्म कर दिया. इसी के साथ इजराइली सेना लेबनान में भी घुस गई है और 59 इलाकों को भी तुरंत घर खाली करने का आदेश दिया है. यहां हालात बिगड़ने के बाद 30 हजार से ज्यादा लोगों ने घर छोड़ दिया ... ▶ शेष पेज 12 पर

### 48 घंटों में आठ देशों के प्रमुखों से मोदी ने की बात

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच 48 घंटों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीयों की सुरक्षा को लेकर 8 खाड़ी देशों के नेताओं से बात की है .ओमान के सुल्तान, कतर के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात वहां हुए हमलों की निंदा की.

### शुभकामनाएं

रंगों के पावन पर्व होली पर नवभारत के सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंट बंधुओं, हॉकर्स बंधुओं और शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनाएं.

संपादक

### अवकाश

होली के अवसर पर 4 मार्च को नवभारत कार्यालय में अवकाश रहेगा. अतः अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा.

महाप्रबंधक



### 2100 से ज्यादा भारतीय लौटे

*मिडिल ईस्ट में फंसे 2100 से ज्यादा भारतीय 7 फ्लाइट्स से मंगलवार को देश लौटे. एयरस्पेस बंद होने के कारण मंगलवार को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और चेन्नई एयरपोर्ट पर 250 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल कर दी गई. इनमें दिल्ली से 80+, मुंबई से 107, बेंगलुरु से 42 और चेन्नई से 30 उड़ानें शामिल हैं. इंडिगो जेद्दाह से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल उड़ानें भी चला रहा है. एअर इंडिया एक्सप्रेस ने मस्कट के लिए उड़ानें शुरू की हैं.*



### ईरान में 158 स्कूली छात्राओं का अंतिम संस्कार

ईरान में अमेरिका और इजराइल के हमलों में मारी गई 158 स्कूली छात्राओं का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया.



### ईरानी ड्रोन का मलबा गिरने से यूएई के ऑयल जोन में आग

यूएई के फुजैराह ऑयल इंडस्ट्री जोन में मंगलवार सुबह ईरानी ड्रोन का मलबा गिरने से आग लग गई. अधिकारियों के मुताबिक, ड्रोन को इंटरसेप्ट किए जाने के बाद उसके टुकड़े इलाके में गिरे, जिससे यह घटना हुई. फुजैराह मीडिया ऑफिस ने बयान जारी कर बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है. दमकल और आपातकालीन टीमों ने आग पर काबू पा लिया है और इलाके में सामान्य कामकाज बहाल कर दिया गया है. फुजैराह यूएई का रणनीतिक एनर्जी सेंटर है, जहां तेल स्टोरेज और एक्सोपोर्ट का प्रमुख ढांचा मौजूद है. यह इलाका ओमान की खाड़ी पर, होर्मुज स्ट्रेट के बाहर मौजूद है.

# दुनिया को भारत से उम्मीद : मोदी

▶ पोस्ट-बजट वेबिनार में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 03 मार्च. प्रधानमंत्री मोदी ने 'आर्थिक विकास को सतत बनाए रखना और उसे मजबूत करना' विषय पर पोस्ट-बजट वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है.**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं, ऐसे समय में भारत की तेज आर्थिक प्रगति विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव है. उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की दिशा और संकल्प



दोनों स्पष्ट हैं. अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ज्यादा निर्माण, ज्यादा उत्पादन, ज्यादा कनेक्टिविटी और ज्यादा निर्यात की रणनीति अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और एमएसएमई आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं. मजबूत विनिर्माण ढांचा इन सभी क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करता है.

वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में बड़े निवेश और वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्वित करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे अवसरों का बड़ा दायरा खुला है. ऐसे में उत्पादों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए. प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर किसी एक क्षेत्र पर अधिकतम ऊर्जा, बुद्धिमत्ता और संसाधन केंद्रित करने हैं, तो वह गुणवत्ता होनी चाहिए. भारतीय उत्पाद न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरें, बल्कि उन्हें पीछे भी छोड़ें.

### पीएम मोदी के यूट्यूब पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर

**नईदिल्ली.** पीएम नरेंद्र मोदी के यूट्यूब चैनल पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर हो गए हैं. वे इस प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले दुनिया के नेता बन गए हैं. दूसरे सबसे ज्यादा सब्सक्राइबर ब्राजील के पूर्व प्रेसिडेंट जेयर बोल्सोनारो के हैं. इनके सब्सक्राइबर मोदी के सब्सक्राइबर का सिर्फ एक-चौथाई हैं. अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में प्रधानमंत्री के सब्सक्राइबर सात गुना से ज्यादा हैं, जो दुनिया भर में उनके डिजिटल आउटरीच और एंगेजमेंट के स्केल को दिखाता है.

## रक्षा मंत्रालय ने 5083 करोड़ के किए अनुबंध

▶ एचएएल से खरीदेंगे छह उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर

▶ रूस से शिटल मिसाइलों की भी होगी खरीदी

**नई दिल्ली, 03 मार्च.** वैश्विक स्तर पर समुद्री सुरक्षा के बड़ी चुनौती बनकर उभरने के बीच रक्षा मंत्रालय ने समुद्री सुरक्षा को चाक चौबंद करने के लिए कुल 5,083 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें भारतीय तटरक्षक के लिए छह उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ए एल एच मार्क-दो (समुद्री भूमिका) तथा नौसेना के लिए सतह से आकाश में मार करने वाली वर्टिकल प्रक्षेपण शिटल मिसाइलों की खरीद शामिल है. एएलएच हेलिकॉप्टर की खरीद सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से और शिटल मिसाइलों की खरीद रूस से की जाएगी. इन अनुबंधों पर मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए. एएलएच की खरीद के लिए 2901 करोड़ रुपए जबकि मिसाइलों की खरीद के लिए 2,182 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है.




VISIT A CITROËN SHOWROOM TODAY | 1800 267 1000 +91 7391055934 INDORE, SATGURU: 7771010416 | BHOPAL, ANANTA: 6232920181 I JABALPUR, R&K AUTOCORP: 9238111290/9238111325 | RAIPUR, TOWNIE: 9617774019 | GWALIOR, ANANTA: 7880171606 | SATNA, ARUN BANSAL: 8718807431, 9174407718 | REWA, ARUN BANSAL: 8718807431, 9174407718 I IMPHAL, N R TRADERS: 98561 09466 I AGARTALA, PANNA MOTORS : 8794101518 I BHUBANESWAR, AMP WHEELS PVT. LTD.: 70085 32843 I PATNA, KP AUTOMOBILES: 778101 7915 I RANCHI, KP AUTOMOBILES: 77810 17915 I DHANBAD, KP AUTOMOBILES: 7781017915 I JAMSHEDPUR, BHALOTIA: 92638 55077 I ASANSOL, BANERJEE: 8170000423I KOLKATA, CELICA: 90730 64444

*Terms and conditions apply. *Pricing is ex-showroom. The dark glass reflection is for creative representation purposes only. Vehicles & environments shown are AI-generated. Accessories, features and specifications shown may not be part of standard fitment and are subject to change without prior intimation. Actual colour of car and upholstery may differ. #Cara is available only in Basalt X and Aircross X. Always drive safely and obey traffic rules. This pictorial representation of Map of India does not purport to be the political map of India.